












A34 5G

# फतेहगढ़ पुलिस

**प्रेस नोट – थाना मऊदरवाजा**

**दिनांक :- 05.02.2024**

## थाना मऊदरवाजा क्षेत्र में हुयी लूट से सम्बन्धित अभियुक्तगणो को थाना मऊदरवाजा पुलिस द्वारा माल सहित किया गया गिरफ्तार।

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर **श्री आलोक सिंह** के निर्देशन, श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक कानपुर रेंज कानपुर **श्री जोगेन्द्र कुमार** के कुशल पर्यवेक्षण, **श्रीमान पुलिस अधीक्षक फतेहगढ़ श्री विकास कुमार** के मार्गदर्शन, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक डा0 संजय सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री प्रदीप कुमार के नेतृत्व में अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मऊदरवाजा पुलिस द्वारा मु0अ0सं0- 26/24 धारा- 394 भादवि से सम्बन्धित अभियुक्तगण 1. सौरभ बाथम 2. सचिन पुत्रगण छोटेलाल निवासीगण ग्राम पचपुखरा थाना मऊदरवाजा जनपद फतेहगढ़ 3.गोलू उर्फ रामजी पुत्र कल्लू जाटव निवासी ग्राम मुरहास कन्हैया कोतवाली मोहम्मदाबाद जनपद फतेहगढ़ को दिनांक 05.02.2024 को गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से लूटा गया माल जब्त कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।



## घटना का संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 02.02.2024 को अलीम पुत्र सिराजुद्दीन निवासी मोहल्ला समसेरखानी थाना मऊदरवाजा जनपद फतेहगढ़ ने सूचना दी की तीन अज्ञात व्यक्ति उसके साथ मारपीट कर उसका ई-रिक्शा नं0-UP76 S-2243 छीनकर ले गये है इस सूचना पर थाना मऊदरवाजा पर मु0अ0सं0- 26/2024 धारा- 394 भादवि पंजीकृत किया गया। विवेचना के क्रम में सघन सुरागरसी पतारसी करते हुये दिनांक 05.02.2024 को घटना में शामिल अभियुक्तगण 1. सौरभ बाथम 2. सचिन 3. गोलू उर्फ रामजी को गिरफ्तार किया गया जिनकी निशानदेही पर लूटा गया ई रिक्शा व 08 बैटरी तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद कर घटना का सफल अनावरण करते हुए आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## गिरफ्तार किये गये अभियुक्तगणो का विवरणः-

1. सौरभ बाथम पुत्र छोटेलाल निवासीगण ग्राम पचपुखरा थाना मऊदरवाजा जनपद फतेहगढ़।
2. सचिन पुत्र छोटेलाल निवासीगण ग्राम पचपुखरा थाना मऊदरवाजा जनपद फतेहगढ़।
3. गोलू उर्फ रामजी पुत्र कल्लू जाटव निवासी ग्राम मुरहास कन्हैया कोतवाली मोहम्मदाबाद जनपद फतेहगढ़।

## पूछताछ का विवरण-

अभियुक्तगणों ने पूछताछ करने पर बताया कि हम तीनो ने मिलकर दिनांक 02.02.2024 को ई रिक्शा चालक के साथ मारपीट कर उसका ई रिक्शा छीन लिया था और उसे छिपा दिया था। उसे बेचकर हम आपस में बराबर-बराबर पैसे बाट लेते लेकिन अभी बेच नही पाये थे। हमसे यह गलती हो गयी।

## अभियुक्त सौरभ का आपराधिक इतिहास -

1. मु0अ0सं0- 225/2020 धारा- 354/504/506 भादवि व 10/9 पाक्सो एक्ट थाना मऊदरवाजा जनपद फतेहगढ।
2. मु0अ0सं0- 474/2023 धारा- 379/411/413 भादवि थाना मऊदरवाजा जनपद फतेहगढ़।
3. मु0अ0सं0- 26/24 धारा- 394/411 भादवि थाना मऊदरवाजा जनपद फतेहगढ़।

अन्य थाना जात से जानकारी की जा रही है।

## अभियुक्त सचिन का आपराधिक इतिहास -

1. मु0अ0सं0- 151/2019 धारा- 302/201 भादवि व 3(2)V एससीएसटी एक्ट थाना मऊदरवाजा जनपद फतेहगढ़।
2. मु0अ0सं0- 350/2020 धारा- 3(1) गैगेस्टर एक्ट थाना मऊदरवाजा जनपद फतेहगढ़।
3. मु0अ0सं0- 474/2023 धारा- 379/411/413 भादवि थाना मऊदरवाजा जनपद फतेहगढ़।
4. मु0अ0सं0- 26/24 धारा- 394/411 भादवि थाना मऊदरवाजा जनपद फतेहगढ़।

अन्य थाना जात से जानकारी की जा रही है।

## अभियुक्त गोलू उर्फ रामजी का आपराधिक इतिहास -

1. मु0अ0सं0- 474/2023 धारा- 379/411/413 भादवि थाना मऊदरवाजा जनपद फतेहगढ़।
2. मु0अ0सं0- 26/24 धारा- 394/411 भादवि थाना मऊदरवाजा जनपद फतेहगढ़।

अन्य थाना जात से जानकारी की जा रही है।

## बरामदगी विवरण:-

1. 08 अदद बैटरी इस्टमैन कम्पनी (ई-रिक्शा की)
2. 01 अदद ई-रिक्शा (अभियोग में लूटा हुआ)
3. 01 अदद मो0सा0 (सीज अन्तर्गत धारा 207 MV Act)

## गिरफ्तार/बरामद करने वाली थाना मऊदरवाजा पुलिसः

1. प्र0नि0 आमोद कुमार सिंह
2. उ0नि0 तरुण सिंह
3. उ0नि0 मोहित मिश्रा
4. उ0नि0 महेन्द्र सिंह
5. आ0 धर्मेन्द्र सिंह
6. आ0 विजय कुमार
7. आ0 गौरव
8. आ0 सचिन कुमार
9. आ0 रोहित

**मीडिया सेल फतेहगढ़**








GPS Map Camera
Kaimganj, Uttar Pradesh, India



SOMANY
GPS Map Camera
Google
Bijadhar Pur/Bijadhar Pur Central J, Uttar Pradesh, India
9J53+9PF, Bijadhar Pur/Bijadhar Pur Central J, Uttar Pradesh 209602, India
Lat 27.35655°
Long 79.604379°
05/02/24 07:23 PM GMT +05:30

